ई-मेल तथा स्पीड पोस्ट

उ0प्र0 भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण,
राज्य नियोजन संस्थान, (नवीन भवन)
कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ-226007

पत्रांकः-740/टेक्नी0सेल/यू0पी0-रेरा/2018-19 दिनांकः 13-03-2019

सेवा में,

मेसर्स/श्री/श्रीमती KANHA INFRATECH LLP
5, ARORA BHAWAN, PURANA SHAHAR, VRINDAVAN - 281121, MAHURA, UTTAR PRADESH

विषयः-SHRI KRISHNA HEIGHTS(UPRERAPRJ7317) परियोजना का कम्पलीशन/अक्यूपैन्सी सर्टीफिकेट रेरा के पोर्टल पर तत्काल अपलोड करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उ0प्र0 रेरा में आपकी निम्नलिखित परियोजना पंजीकृत हैं :-
SHRI KRISHNA HEIGHTS(UPRERAPRJ7317)

उ0प्र0 रेरा के पोर्टल पर परियोजना की प्रस्तावित पूर्णता तिथि **03-11-2018** है। आपकी परियोजना के रजिस्ट्रेशन की वैधता अवधि समाप्त हो गयी है। आपके द्वारा उ0प्र0 रेरा के पोर्टल पर परियोजना का पूर्णता/अक्यूपैन्सीप्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया गया है। आपके द्वारा परियोजना के पंजीयन विस्तार के लिए भी आवेदन नहीं किया गया है।

अतः उ0प्र0 रेरा के स्तर पर यह अवधारित किया जाना स्वाभाविक है कि आपके द्वारा परियोजना में समस्त विकास एवं निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं और परियोजना का कम्पलीशन/अक्यूपैन्सी प्रमाण पत्र प्राप्त करके आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री तथा कब्ज़े की कार्यवाही की जा रही है।

एतद्द्वारा आपसे अपेक्षा है कि परियोजना का पूर्णता/अक्यूपैन्सी प्रमाण पत्र रेरा के वेब-पोर्टल पर 7 दिन के अन्दर निश्चित रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें। यदि पूर्णता/अक्यूपैन्सी प्रमाण पत्र नहीं प्राप्त हुआ है, तो प्रमाण पत्र हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्र की प्रति रेरा पोर्टल पर अपलोड करें।

यदि आपके द्वारा निर्धारित समयावधि में उपर्युक्त अभिलेख पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जाते, तो यह माना जाएगा कि आपके द्वारा रेरा अधिनियम की धारा-11 तथा अन्य सुसंगत प्राविधानों का उल्लंघन किया गया है और रेरा अधिनियम की धारा-63 के अन्तर्गत अर्थदण्ड निर्धारित करने की कार्यवाही सहित अधिनियम की धारा-7 के अन्तर्गत भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

कृपया इसे शीर्षस्थ प्राथमिकता प्रदान करें।

भवदीय

(सुबोध राय)
तकनीकी सलाहकार
उ0प्र0 भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

प्रतिलिपिः-

मुख्यकार्यपालक अधिकारी/आवास आयुक्त/उपाध्यक्ष MATHURA-VRINDAVAN DEVELOPMENT AUTHORITY को इस अनुरोध के साथ कि कृपया परियोजना के अद्यतन स्तर की जानकारी रेरा के ई0-मेल enggdept.uprera@gmail.com पर एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(सुबोध राय)
तकनीकी सलाहकार
उ0प्र0 भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

Scanned with CamScanner

सेवा में,
तकनीकी सलाहकार,
उ०प्र० भू—सम्पदा विनियामक
प्राधिकरण, लखनऊ।
दिनांक—19.03.2019
महोदय,

विषय – श्री कृष्णा हाइट्स (UPRERAPRJ7317) परियोजना का कम्पलीशन/अक्यूपैन्सी सर्टीफिकेट रेरा के पोर्टल पर तत्काल अपलोड करने के सम्बन्ध में।

कृप्या आपके द्वारा प्रेषित पत्रांक–740/टेक्नी०सेल/यू०पी०रेरा/2018—19 दिनांकित 13.03.2019, जोकि हमें ई—मेल द्वारा दिनांक 14.03.2019 को प्राप्त हुआ है, का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें।

उक्त संदर्भ में हमें यह सूचित करना है कि उक्त परियोजना का आंतरिक निर्माण एवं विकास कार्य पूर्ण हो चुका है तथा बाह्य विकास का कार्य तेजी से प्रगति पर है, जिसे शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा।

आपको यह भी सूचित करना है कि हमने उक्त परियोजना के अंतर्गत बुक कराये गये फ्लैट्स का कब्जा एवं स्वामित्व हस्तांतरण प्रांरभ कर दिया है, जिसकी सूचना नियमानुसार आपके पोर्टल पर अपलोड की जाती रही है।

आपको यह भी सूचित करना है कि हमने दिनांक 05.03.2019 को सचिव, मथुरा—वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा के कार्यालय में परियोजना का कम्पलीशन प्रमाण पत्र जारी करने के संदर्भ में प्रार्थना पत्र दाखिल किया है, जिसकी प्रति इस पत्र के साथ संलग्न है। जैसे ही कम्पलीशन प्रमाण पत्र हमें प्राप्त होगा, तुरंत ही आपके पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

इस संदर्भ में आपके कार्यालय द्वारा जो भी दिशा निर्देश भविष्य में हमें प्राप्त होंगे, उनका नियमानुसार पालन करने हेतु हम कृत संकल्पित रहेंगे।

धन्यवाद,
भवदीय,
कृते कान्हा इंफ्राटेक एल० एल० पी०

S.K. Arora

संदीप कुमार अरोड़ा
(पार्टनर)
संलग्नः 1. उपरोक्त अनुसार

KANHA INFRATECH LLP
Regd. Office : 5, Arora Bhawan, Purana Shahar, Vrindavan-281121 (Mathura)
Mob. +91-9568250001/2/3/4/8 / E : sales@girirajgroup.in

Scanned with CamScanner

सेवा में,

सचिव महोदय

मथुरा - वृन्दावन विकास प्राधिकरण
मथुरा

विषय :- फाइल संख्या 89/V/10-11 श्री अरविन्द अग्रवाल आदि कान्हा कुन्ज एम० एल० पी० खाता नं० 534 खसरा संख्या न० 824 पार्ट, मौजा सुनरख बाँगर वृन्दावन मथुरा में निर्मित टावर A व B का कम्प्लीशन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के सम्बन्ध में

महोदय,

निवेदन है, कि हमारी फर्म द्वारा फाइल संख्या 89/V/10-11 का मानचित्र आपके कार्यालय द्वारा 4-11-2010 को स्वीकृत हुआ था, जिसमे दो टावर A और B हैं, जिसके निर्माण कार्य सम्पूर्ण तरीके से पूर्ण हो गया है।

महोदय से अनुरोध है कि हमारे टावर A व B का निर्माण कार्य पूर्ण रूप से पूरा हो चुका है, साइड पर देखते हुये हमे टावर A व B का कम्प्लीशन प्रमाण पत्र प्रदान करने की कृपा करें आपकी अति कृपा होगी।

Rec
[signature]
05/3/19
म०वृ०वि०प्रा०

द०-5914
05/03/2019

S. K Arora

संदीप अरोड़ा पुत्र श्री ज्ञान कुमार अरोड़ा
8 अरोड़ा भवन पुराना बाजार
वृन्दावन मथुरा